**जुलूस** | 6 वार्डों में रखे गए थे जवारे, काली मंदिर होते हुए गुरैया नदी स्थित बड़ी खेरमाई पहुंचे

# निकला जवारा जुलूस, दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु



**नवभारत, तेंदूखेड़ा 30 सितंबर।** नगर में नवरात्रि पर जहां दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन पूजन के लिए जन सैलाब उमड़ रहा है, वहीं मां अम्बे की श्रद्धा के प्रति भक्तों द्वारा रखे जाने वाले जवारे का जुलूस निकलने पर दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी. मंगलवार को जहां अधिकांश लोगों ने अष्टमी की पूजा की, वहीं जबारे रखने वालों ने दिन के हिसाब से नौवें दिन ही जवारे विसर्जन के लिए निकाले. जवारे प्रमुख रूप से वार्ड नंबर 12, 11, वार्ड नंबर 9, 5, 6, 2 में प्रमुख रूप से रखे गए थे. जवारे रखने वालों ने बताया कि अश्विन और चैत्र नवरात्रि पर माता के भक्त माता रानी को खुश करने के लिए घट और खप्पर रखते हैं. जवारे निकालने के दौरान भाव खेलती माताएं-बहने लोहे का बाना मुंह में छिदवाती है. युवा और बुजुर्ग जवारे विसर्जन के दौरान जुलूस के साथ चल रहे थे, साथ ही सिर पर घट खप्पर रखे हुए माताएं बहने चल रही थी.

### महिलाएं भाव खेलती चल रही थीं

इनमें कुछ माताएं, बहनें और बच्चियां माता के भाव खेलती चल रही थी.

जवारे निकलने के पहले मंगलवार का साप्ताहिक बाजार नपा द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल में लगवाया गया, जिससे जवारे निकलने में परेशानी नहीं हुई. विभिन्न वार्डों से जवारे निकले, जो खाकरिया रोड, तारादेही रोड से होते हुए छोटी खेरमाई पहुंचे. जहां पूजन अर्चन के बाद छोटी खेरमाई से यादव मोहल्ला से काली मंदिर होते हुए गुरैया नदी स्थित बड़ी खेरमाई पहुंचे, जहां विधिविधान से पूजन अर्चन के बाद जवारे गुरैया नदी में विसर्जित हुए.



### जवारे विसर्जन का झंडा लेकर जा रहे युवक की करंट लगने से मौत

**नवभारत, तेंदूखेड़ा 30 सितंबर।** नगर से करीब दस किलोमीटर दूर देवरी ग्राम में जवारे विसर्जन को जा रहे एक युवक की दुखद मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी निजाम में जवारे रखे हुए थे। मंगलवार को जवारे विसर्जन के लिए ग्राम की सैकड़ों माताएं-बहनें और ग्रामीण नदी के वेल घाट जा रहे थे। मृतक संदीपयादव अपने हाथ में माता का झंडा लेकर आगे चल रहा था। तभी खेत के ऊपर से निकली विद्युत की मेन लाइन से झंडा टकरा गया, जिससे करंट लगने से युवक झंडा सहित चिपक गया, जब तक लोग समझ कुछ पाते तब तक युवक की मौत हो चुकी थी.

# माता दरबार में 251 फुट की चुनरी चढ़ाई

▸ **सिंग्रामपुर में निकली चुनरी यात्रा, खेरमाई में पहुंच रहे श्रद्धालु**

**नवभारत,सिंग्रामपुर 3 सितंबर।** ग्राम की प्रसिद्ध महामाई खेरमाता दरबार शारदीय नवरात्रि के चलते भक्तों की भीड़ बढ़ रही है. सुबह सुबह जहां श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं, वहीं सांध्यकालीन महाआरती में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है.

मंगलवार को सिंग्रामपुर में प्राचीन खेरमाई को भक्तों द्वारा 251 फुट की चुनरी चढ़ाई गई और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। चुनरी यात्रा रानी दुर्गावती तिराहा पोडी तिराहा मुख्य बाजार होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर में यात्रा का भव्य समापन किया गया। ग्रामवासियों राजू राय, दीपक यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, प्रभु पटेल ने बताया कि माता के दरबार में प्रतिवर्ष अनुसार शारदीय नवरात्रि के चलते महामाई के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से शाम तक तांता लगा रहता है.

### आज होगी महाआरती

प्राचीन खेरमाई मंदिर में दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं. मान्यता है कि ग्राम के खेर माता दरवार में झोली फैलाने वाले हर श्रद्धालु की झोली सुख समृद्धि से भर जाती हैं. यही वजह है कि मां के प्रति अटल श्रद्धा व भक्ति के चलते मां दरबार में भक्तों की भारी भीड़ नवरात्रि पर्व में बनी रहती है. बुधवार को खेर माता दरबार में सायंकालीन महाआरती का कार्यक्रम रखा गया हैं।

# पुलिस ने पकड़ा लाखों का जुआ

▸ **देर रात दबिश देकर 13 जुआरियों को दबोचा**

**नवभारत, दमोह 3 सितंबर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने सोमवार देर रात दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शहर के महाकाली चौराहा के पास रेड मारकर 13 जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी एचआर पांडे के नेतृत्व में सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार की टीम ने घेराबंदी कर 13 जुआरियों से 198000 हजार रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, रॉयल इनफील्ड मोटरसाईकिल, राइडर मोटर साईकिल और 11 मोबाइल जब्त किए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, कस्तूरीकाई प्रजापति पति स्व. घनश्याम प्रजापति निवासी वार्ड न. 10 पथरिया तहसील पथरिया जिला दमोह की निवासी हूं। मेरे पति भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर स्वर्ग सिधार गये है। मेरा नाम उनके सर्विस रिकार्ड में कस्तूरी देवी है जो गलत है। मेरा सही नाम कस्तूरी बाई प्रजापति है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड में दर्ज हैं। मुझे आज से मेरे सही नाम कस्तूरी बाई प्रजापति के नाम से जाना जाये तथा मेरे पति के रिकार्ड में मेरा नाम सुधार किया जाये।

गलत नाम :- कस्तूरी देवी

सही नाम :- कस्तूरी बाई प्रजापति


नवभारत,सेंट्रल बैंक के पास स्टेशन चौराहा दमोह


नवभारत, अथाई चौक बांदकपुर के पास विराजमान।


नवभारत, बीड़ी श्रमिक कॉलोनी, बांदकपुर में विराजमान।


नवभारत, गजानन मार्केट बांदकपुर में विराजमान


नवभारत, सिद्ध बाबा पहाड़ी बांदकपुर में विराजमान।


नवभारत,पेट्रोल पंप बांदकपुर के पास विराजमान।


नवभारत, सशिमं स्कूल के पास बांदकपुर में विराजमान।


नवभारत, महर्षि आश्रम बांदकपुर' में विराजमान।


नवभारत,मां चौ मुखी दुर्गा उत्सव समिति मागंज वार्ड नंबर 6 दमोह।


नवभारत,बैंक व ग्राम पंचायत बांदकपुर के पास विराजमान।


नवभारत, श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर के सामने बाजार चौक बांदकपुर


आदर्श दुर्गोत्सव समिति सिंग्रामपुर


माता रानी विराजमान बांदकपुर रोड आनु मोड़

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी (दमोह शहर में विराजमान अलग-अलग स्वरुप में देवी प्रतिमाएं) प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

### हिण्डोरिया


नवभारत, जय मां दुर्गा उत्सव समिति माता मरई हिंडोरिया


नवभारत, जय मां अम्बे दुर्गा उत्सव समिति हिंडोरिया


नवभारत, श्रीराम दरबार अखाड़ा हिंडोरिया


नवभारत, श्री बजरंग अखाड़ा मुकरवा मुहल्ला हिंडोरिया



नवभारत, महाराणा प्रताप टिकुरिया मुहल्ला अखाड़ा



नवभारत, जय मां महागौरी अखाड़ा हिंडोरिया


नवभारत, नवयुवक नन्नी माता दुर्गा उत्सव समिति हिंडोरिया

### पथरिया


नवभारत, हाई स्कूल ग्राउंड पथरिया में विराजी माँ दुर्गा जी


नवभारत, संजय चौराहा पथरिया जी की माता जी।


नवभारत, चौरसिया मुहल्ला पथरिया में विराजी माँ


नवभारत, जनपद कार्य. समीप विराजी माँ दुर्गा जी की प्रतिमा।


नवभारत, यज्ञ शाला गेट समीप विराजी माँ दुर्गा जी की प्रतिमा।

### तेंदूखेडा


नवभारत, वार्ड. 09 काकला धाम


नवभारत, वार्ड. 11 तारादेही रोड



नवभारत, वार्ड. 11 आरस स्कूल के पास


नवभारत, स्व.दादा धरमदास नामदेव


नवभारत, वार्ड नं.4 साहू धर्मशाला


नवभारत, सोसयटी


नवभारत, विघायक बंगला के पास


नवभारत, तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र


नवभारत,वार्ड नं.09



नवभारत, वार्ड नं.08




वन परिक्षेत्र कार्यालय

विनय असाटी ब्यूरो प्रमुख दमोह | जय अम्बे जगदम्बे, दुर्गे भवानी माँ | भक्ति की अलख, सबसे अलग नवभारत परिवार के साथ | रामसेन फोटो ग्राफर दमोह